चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/412
दिनांक : 16/3/23

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय द्वारा एन0ई0पी0 के अन्तर्गत बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 एवं द्वितीय सेमेस्टर जून–2022 का परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है। परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र/छात्राओं में कुछ भ्रांतियां हैं जिनका निराकरण आवश्यक है।

छात्र/छात्राओं में व्याप्त भ्रांतियों का निराकरण करते हुए एतद्द्वारा द्वारा छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि :–

1. समस्त छात्र/छात्राओं को प्रथम सेमेस्टर से द्वितीय सेमेस्टर में प्रोन्नत किया गया है, भले ही प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम कुछ भी हो अर्थात छात्र चाहे उत्तीर्ण हो अथवा अनुत्तीर्ण। तथापि ऐसे छात्र/छात्रा जो प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण हैं अर्थात जिन विषयों के सम्मुख ग्रेड (GRD) के स्थान पर F अर्थात् अनुत्तीर्ण (Fail) अंकित है, को बैक पेपर में सम्मिलित हो पूर्ण रूप से प्रथम सेमेस्टर के समस्त विषय कोड उत्तीर्ण करने आवश्यक है।

2. द्वितीय सेमेस्टर अंकतालिका पर अंकित टिप्पणी (Remarks) :–

अंकतालिका पर अंकित टिप्पणी	टिप्पणी का अभिप्राय
Fail But Promoted	छात्र को तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने की अनुमति है किन्तु प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में जिस विषय कोड के सम्मुख ग्रेड (GRD) के स्थान पर F अर्थात् अनुत्तीर्ण (Fail) अंकित है, में बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित हो उत्तीर्ण करने आवश्यक है अन्यथा छात्र पंचम सेमेस्टर में प्रोन्नत (Promote) नहीं हो पायेगा।
Pass And Promoted	ऐसे छात्रों को तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने की अनुमति है। यदि इस प्रकार के छात्र प्रथम सेमेस्टर के किसी विषय कोड के सम्मुख ग्रेड (GRD) के स्थान पर F अर्थात् अनुत्तीर्ण (Fail) अंकित है तो उक्त विषय कोड बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित हो उत्तीर्ण करने होंगे अन्यथा छात्र पंचम सेमेस्टर में प्रोन्नत (Promote) नहीं हो पायेगा।
Fail Not Promoted	छात्र को तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने की अनुमति <u>नहीं</u> है। प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण विषय कोड के सम्मुख ग्रेड (GRD) के स्थान पर F अर्थात् अनुत्तीर्ण (Fail) अंकित है, में बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित हो उत्तीर्ण करने आवश्यक है। बैक पेपर परीक्षा उत्तीर्ण कर निर्धारित शर्तें पूर्ण करने वाले छात्र ही कालान्तर में तृतीय सेमेस्टर में प्रोन्नत (Promote) हो पायेंगे।
Det. Due to ………..	इसका अभिप्राय है कि छात्र ने गलत विषयों का चयन किया है। सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य अपने लैटर हेड पर सही विषयों के विवरण का उल्लेख करते हुए परीक्षा विभाग से Det. श्रेणी हटाने हेतु आग्रह कर सकते हैं।

नोट : 1. एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम सी0बी0सी0एस0 व्यवस्था के अन्तर्गत आते हैं अतः ऐसे विषय जो छात्र ने उत्तीर्ण कर लिये हैं, को दोबारा उत्तीर्ण करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

क्रमश..........02

2. छात्र पूर्व की भांति विषम सेमेस्टर के प्रश्नपत्रों/विषयों की बैक पेपर परीक्षा विषम सेमेस्टर के साथ एवं सम सेमेस्टर के प्रश्नपत्रों/विषयों की बैक पेपर परीक्षा सम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होकर सम्बन्धित सेमेस्टर उत्तीर्ण कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से कि अपने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को उक्त तथ्यों से अगवत कराते हुए महाविद्यालय/संस्थान के स्तर से अपेक्षित कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उक्त विज्ञप्ति समस्त राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)